माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2240 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2024–25 दिनांक: 16.07.2024

अनुस्मारक

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,

समस्त सम्बद्व महाविद्यालय / संस्थान,

विषय :– सम सेमेस्टर जून 2024 स्नातक पाठ्यक्रम के प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा / प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के अंक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड तथा अंकपर्ण की हॉर्डकापी विश्वविद्यालय में जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्या: 2179 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24, दिनांक: 06.07.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर जून 2024 स्नातक पाठ्यक्रम के प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा / प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हॉर्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु कतिपय महाविद्यालय / संस्थान द्वारा प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा / प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण सम्पन्न नहीं कराए गये है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान को पुनः निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की स्नातक पाठ्यक्रम के सम सेमेस्टर जून 2024 के प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा / प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के अंक शीघ्रातिशीघ्र सम्पन्न कराकर अंक अपलोड करते हुये अंकपर्ण की हॉर्डकॉपी दो प्रतियों में विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में तत्काल जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में जिन महाविद्यालय / संस्थानों द्वारा प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा / प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण के अंकपर्ण विश्वविद्यालय में जमा नहीं किये जाते हैं, विश्वविद्यालय द्वारा उन महाविद्यालयों का परीक्षाफल रोक दिया जायेगा। जिन महाविद्यालयों का परीक्षाफल रूकेगा, उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य का होगा।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ–

1. कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव।
3. गार्ड फाईल।

परीक्षा नियंत्रक